CDS (II) EXAM:2018

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : GTHY–S–XGK **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

क्रम संख्या

परीक्षण पुस्तिका

A

0204653

सामान्य ज्ञान

समय : दो घण्टे **पूर्णांक : 100**

अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के **रूप में काटा** जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. कमरे के तापमान पर एक फ्लास्क में दो अभिकारक गैस के बुलबुले उत्पन्न कर रहे हैं जो चूने के पानी को दूधिया कर देते हैं। वे अभिकारक क्या हो सकते हैं?

(a) जस्त और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(b) मैग्नीशियम कार्बोनेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(c) मेथेन और ऑक्सीजन

(d) ताम्र और तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

2. नीचे दिए गए समीकरण के अनुसार CH_4 के 2·0 मोल की O_2 के 2·0 मोल से अभिक्रिया कराने से CO के कितने मोल प्राप्त किए जा सकते हैं?

$$CH_4(g) + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow CO + 2H_2$$

(a) 2·0

(b) 0·5

(c) 2·5

(d) 4·0

3. निम्नलिखित में से किन दो अभिकारकों के मध्य अभिक्रिया हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करेगी?

(a) मैग्नीशियम और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(b) ताम्र और तनु नाइट्रिक अम्ल

(c) कैल्सियम कार्बोनेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(d) जस्त और नाइट्रिक अम्ल

4. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड में सर्वनिष्ठ (कॉमन) है?

(a) ये सभी द्विपरमाणुक हैं।

(b) कमरे के तापमान पर ये सभी गैस हैं।

(c) ये सभी रंगीन हैं।

(d) इन सभी की अभिक्रियाशीलता एकसमान है।

5. यौगिक $C_7H_7NO_2$ में क्या है?

(a) इसके एक अणु में 17 परमाणु

(b) द्रव्यमान के अनुसार C और H के बराबर अणु

(c) नाइट्रोजन परमाणुओं की तुलना में ऑक्सीजन परमाणुओं का दोगुना द्रव्यमान

(d) हाइड्रोजन परमाणुओं की तुलना में नाइट्रोजन परमाणुओं का दोगुना द्रव्यमान

6. संतृप्त हाइड्रोकार्बन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा व्यापक सूत्र है?

(a) C_nH_{2n+2}

(b) C_nH_{2n-2}

(c) C_nH_{2n+1}

(d) C_nH_{2n-1}

1. Two reactants in a flask at room temperature are producing bubbles of a gas that turn limewater milky. The reactants could be

(a) zinc and hydrochloric acid

(b) magnesium carbonate and hydrochloric acid

(c) methane and oxygen

(d) copper and dilute hydrochloric acid

2. How many moles of CO can be obtained by reacting 2·0 mole of CH_4 with 2·0 mole of O_2 according to the equation given below?

$$CH_4(g) + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow CO + 2H_2$$

(a) 2·0

(b) 0·5

(c) 2·5

(d) 4·0

3. Reaction between which of the following two reactants will produce hydrogen gas?

(a) Magnesium and hydrochloric acid

(b) Copper and dilute nitric acid

(c) Calcium carbonate and hydrochloric acid

(d) Zinc and nitric acid

4. Which of the following characteristics is common to hydrogen, nitrogen, oxygen and carbon dioxide?

(a) They are all diatomic.

(b) They are all gases at room temperature.

(c) They are all coloured.

(d) They all have same reactivity.

5. The compound $C_7H_7NO_2$ has

(a) 17 atoms in a molecule of the compound

(b) equal molecules of C and H by mass

(c) twice the mass of oxygen atoms compared to nitrogen atoms

(d) twice the mass of nitrogen atoms compared to hydrogen atoms

6. Which of the following is the general formula for saturated hydrocarbons?

(a) C_nH_{2n+2}

(b) C_nH_{2n-2}

(c) C_nH_{2n+1}

(d) C_nH_{2n-1}

7. एक कण विश्राम अवस्था से एकसमान त्वरण के साथ एक सीधी रेखा में गतिमान है। पाँचवें सेकंड की तुलना में छठे सेकंड के दौरान विस्थापन में प्रतिशत वृद्धि लगभग कितनी है?

(a) 11%

(b) 22%

(c) 33%

(d) 44%

8. यदि समान आयतन किन्तु भिन्न घनत्वों P_1 और P_2 वाले दो मिश्रणीय द्रवों को मिला दिया जाए, तो उस मिश्रण का घनत्व क्या होगा?

(a) $\frac{P_1 + P_2}{2}$

(b) $\frac{2P_1P_2}{P_1 + P_2}$

(c) $\frac{2P_1P_2}{P_1 - P_2}$

(d) $\frac{P_1P_2}{P_1 + P_2}$

9. किसी कण का स्थिति सदिश

$$\vec{r} = 2t^2\hat{x} + 3t\,\hat{y} + 4\hat{z}$$

है। तब क्षणिक वेग $\vec{v}$ और त्वरण $\vec{a}$ क्रमशः कहाँ स्थित होंगे?

(a) xy-तल पर और z-दिशा के समानांतर

(b) yz-तल पर और x-दिशा के समानांतर

(c) yz-तल पर और y-दिशा के समानांतर

(d) xy-तल पर और x-दिशा के समानांतर

10. दो व्यक्ति नगण्य द्रव्यमान की एक रस्सी को क्षैतिज रूप में पकड़े हुए हैं। 20 kg का एक द्रव्यमान रस्सी के मध्यबिन्दु पर रख दिया (लगाया) जाता है; जिसके परिणामस्वरूप रस्सी क्षैतिज सीध से विचलित हो जाती है। रस्सी को पूरी तरह से सीधा करने के लिए आवश्यक तनाव कितना है ($g = 10\,\text{m}/\text{s}^2$)?

(a) 200 N

(b) 20 N

(c) 10 N

(d) अनंततः बड़ा

11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विद्युत् ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में रूपांतरित **नहीं** करता/करती है?

(a) मोमबत्ती

(b) प्रकाश उत्सर्जक डायोड

(c) लेज़र

(d) टेलीविजन सेट

12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से पादपों का/के मुख्य अवशोषक अंग है/हैं?

(a) केवल जड़

(b) केवल पत्ती

(c) केवल जड़ और पत्ती

(d) जड़, पत्ती और वल्कल (बार्क)

7. A particle moves with uniform acceleration along a straight line from rest. The percentage increase in displacement during sixth second compared to that in fifth second is about

(a) 11%

(b) 22%

(c) 33%

(d) 44%

8. If two miscible liquids of same volume but different densities P_1 and P_2 are mixed, then the density of the mixture is given by

(a) $\frac{P_1 + P_2}{2}$

(b) $\frac{2P_1P_2}{P_1 + P_2}$

(c) $\frac{2P_1P_2}{P_1 - P_2}$

(d) $\frac{P_1P_2}{P_1 + P_2}$

9. The position vector of a particle is

$$\vec{r} = 2t^2\hat{x} + 3t\hat{y} + 4\hat{z}$$

Then the instantaneous velocity $\vec{v}$ and acceleration $\vec{a}$ respectively lie

(a) on *xy*-plane and along *z*-direction

(b) on *yz*-plane and along *x*-direction

(c) on *yz*-plane and along *y*-direction

(d) on *xy*-plane and along *x*-direction

10. Two persons are holding a rope of negligible mass horizontally. A 20 kg mass is attached to the rope at the midpoint; as a result the rope deviates from the horizontal direction. The tension required to completely straighten the rope is ($g = 10\,m/s^2$)

(a) 200 N

(b) 20 N

(c) 10 N

(d) infinitely large

11. Which one of the following does ***not*** convert electrical energy into light energy?

(a) A candle

(b) A light-emitting diode

(c) A laser

(d) A television set

12. Which of the following is/are the main absorbing organ/organs of plants?

(a) Root only

(b) Leaf only

(c) Root and leaf only

(d) Root, leaf and bark

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक हरे पत्ते (पर्ण) का प्राथमिक कार्य **नहीं** है?

(a) आहार का निर्माण

(b) गैसों का विनिमय

(c) जल का वाष्पन

(d) खाद्य और जल का चालन

14. एक 'वास्तविक' फल निम्नलिखित में से किससे निर्दिष्ट होता है?

(a) जब पुष्प का केवल पुष्पासन वृद्धि करता है और एक फल में विकसित होता है

(b) जब पुष्प का केवल पुष्पधर एक फल में विकसित होता है

(c) जब फल की उत्पत्ति पुष्प के केवल बाह्यदलपुंज से होती है

(d) जब पुष्प का केवल अंडाशय फल में विकसित होता है

15. निम्नलिखित में से किस एक शरीरक्रियात्मक प्रक्रिया में पादप से अतिरिक्त जल बूँदों के रूप में निकलता है?

(a) वाष्पोत्सर्जन

(b) बिन्दु स्राव

(c) स्रवण

(d) उत्सर्जन

16. यदि पादप के ज़ाइलम को यांत्रिकतः अवरुद्ध कर दिया जाए, तब पादप का निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य प्रभावित होगा?

(a) केवल जल का अभिगमन

(b) जल और विलेयों का अभिगमन

(c) केवल विलेयों का अभिगमन

(d) गैसों का अभिगमन

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक बीजों के प्रकीर्णन द्वारा पादपों के प्रवर्धन में योगदान **नहीं** करता?

(a) पवन

(b) कवक

(c) जंतु

(d) जल

18. विद्युत्-चुम्बकीय स्पेक्ट्रम का दृश्य भाग होता है

(a) अवरक्त

(b) रेडियोतरंग

(c) सूक्ष्मतरंग

(d) प्रकाश

13. Which of the following is ***not*** a primary function of a green leaf?

(a) Manufacture of food

(b) Interchange of gases

(c) Evaporation of water

(d) Conduction of food and water

14. Which one of the following denotes a 'true' fruit?

(a) When only the thalamus of the flower grows and develops into a fruit

(b) When only the receptacle of the flower develops into a fruit

(c) When fruit originates only from the calyx of a flower

(d) When only the ovary of the flower grows into a fruit

15. In which one of the following physiological processes, excess water escapes in the form of droplets from a plant?

(a) Transpiration

(b) Guttation

(c) Secretion

(d) Excretion

16. If the xylem of a plant is mechanically blocked, which of the following functions of the plant will be affected?

(a) Transport of water only

(b) Transport of water and solutes

(c) Transport of solutes only

(d) Transport of gases

17. Which one of the following agents does ***not*** contribute to propagation of plants through seed dispersal?

(a) Wind

(b) Fungus

(c) Animal

(d) Water

18. The visible portion of the electromagnetic spectrum is

(a) infrared

(b) radiowave

(c) microwave

(d) light

19. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 2011 की जनगणना के अनुसार राज्यों का, उनके जनसंख्या घनत्व के आधार पर, सही आरोही अनुक्रम है?

(a) अरुणाचल प्रदेश—सिक्किम—मिज़ोरम—हिमाचल प्रदेश

(b) अरुणाचल प्रदेश—मिज़ोरम—सिक्किम—हिमाचल प्रदेश

(c) मिज़ोरम—अरुणाचल प्रदेश—हिमाचल प्रदेश —सिक्किम

(d) अरुणाचल प्रदेश—हिमाचल प्रदेश—सिक्किम —मिज़ोरम

20. निम्नलिखित सभी राज्यों में 2001–2011 के दशक के दौरान जनसंख्या वृद्धि दर में उससे पूर्व के दशक (1991–2001) की तुलना में गिरावट आई है, **सिवाय**

(a) तमिलनाडु के

(b) केरल के

(c) गोवा के

(d) आंध्र प्रदेश के

21. प्रवाल भित्तियों की वृद्धि के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) प्रवाल अलवणीय जल में प्रचुरता से उग सकता है।

(b) इसे 23 °C–25 °C के बीच के उष्ण जल की आवश्यकता होती है।

(c) इसे छिछले लवणीय जल की आवश्यकता होती है, जो 50 मीटर से अधिक गहरा न हो।

(d) इसे प्रकाश-संश्लेषण में सहायता के लिए प्रचुर मात्रा में सूर्य के प्रकाश की आवश्यकता होती है।

22. 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या की सघनता (राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार) सबसे अधिक है?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) हिमाचल प्रदेश

(c) पंजाब

(d) पश्चिम बंगाल

23. निम्नलिखित में से किस राज्य में दो से अधिक प्रमुख बंदरगाह हैं?

(a) महाराष्ट्र

(b) पश्चिम बंगाल

(c) ओडिशा

(d) तमिलनाडु

24. $Ba(OH)_2$ का तुल्यांकी भार है (दिया हुआ है कि Ba का परमाणु भार 137·3 है)

(a) 85·7

(b) 137·3

(c) 154·3

(d) 171·3

19. Which one of the following is the correct ascending sequence of States in terms of their population density as per Census 2011?

(a) Arunachal Pradesh—Sikkim—Mizoram—Himachal Pradesh

(b) Arunachal Pradesh—Mizoram—Sikkim—Himachal Pradesh

(c) Mizoram—Arunachal Pradesh—Himachal Pradesh—Sikkim

(d) Arunachal Pradesh—Himachal Pradesh—Sikkim—Mizoram

20. The rate of population growth during 2001–2011 decade declined over the previous decade (1991–2001) in all of the following States, ***except***

(a) Tamil Nadu

(b) Kerala

(c) Goa

(d) Andhra Pradesh

21. Which one of the following statements with regard to growth of coral reefs is ***not*** correct?

(a) Coral can grow abundantly in fresh-water.

(b) It requires warm water between 23 °C–25 °C.

(c) It requires shallow saltwater, not deeper than 50 metres.

(d) It requires plenty of sunlight to aid photosynthesis.

22. As per Census 2011, the concentration of Scheduled Caste population (going by percentage of Scheduled Caste population to total population of the State) is the highest in the State of

(a) Uttar Pradesh

(b) Himachal Pradesh

(c) Punjab

(d) West Bengal

23. Which one of the following States has more than two major ports?

(a) Maharashtra

(b) West Bengal

(c) Odisha

(d) Tamil Nadu

24. The equivalent weight of $Ba(OH)_2$ is (given, atomic weight of Ba is 137·3)

(a) 85·7

(b) 137·3

(c) 154·3

(d) 171·3

25. निम्नलिखित में से किस नाइट्रोजन ऑक्साइड में नाइट्रोजन की सबसे अधिक ऑक्सीकरण अवस्था है?

(a) NO

(b) NO_2

(c) N_2O

(d) N_2O_5

26. कार्बन के उस रूप के बारे में जिसे हीरा कहा जाता है, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

(a) यह ग्रेफाइट से कठोर होता है।

(b) इसमें कार्बन की उतनी ही प्रतिशतता होती है, जितनी कि ग्रेफाइट में।

(c) यह ग्रेफाइट से अधिक विद्युत् सुचालक है।

(d) इसमें कार्बन से कार्बन की दूरी सभी दिशाओं में अलग-अलग होती है।

27. निम्नलिखित में से किस एक अभिक्रिया में H_2O/O_2 द्वारा यौगिक के 1 g का अपघटन होने पर H_2 गैस की अधिकतम मात्रा प्राप्त होती है?

(a) $CH_4 + H_2O \rightarrow CO + 3H_2$

(b) $CO + H_2O \rightarrow CO_2 + H_2$

(c) $CH_4 + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow CO + 2H_2$

(d) $C_{12}H_{24} + 6O_2 \rightarrow 12CO + 12H_2$

28. जब कोई उत्तल लेंस किसी वस्तु का वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है, तो उस वस्तु और उसके प्रतिबिंब के बीच की न्यूनतम दूरी कितने के बराबर होती है?

(a) उस उत्तल लेंस की फोकस दूरी

(b) उस उत्तल लेंस की फोकस दूरी की दोगुनी

(c) उस उत्तल लेंस की फोकस दूरी की चार गुनी

(d) उस उत्तल लेंस की फोकस दूरी की आधी

29. भू-पृष्ठ के किसी भी स्थान पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा साधारणतः किस रूप में निर्दिष्ट की जाती है?

(a) क्षेत्र दिक्पात

(b) क्षेत्र आनति

(c) क्षेत्र दिक्पात और क्षेत्र आनति दोनों

(d) क्षेत्र का क्षैतिज घटक

30. किसी परिपथ में 5 A दरजे का एक फ्यूज लगा है। इस परिपथ में 100 W–220 V के अधिक से अधिक कितने बल्ब सुरक्षित रूप से समांतर में जोड़े जा सकते हैं?

(a) 20

(b) 15

(c) 11

(d) 10

25. Which one of the following nitrogen oxides has the highest oxidation state of nitrogen?

(a) NO

(b) NO_2

(c) N_2O

(d) N_2O_5

26. Which one of the following is ***not*** true for the form of carbon known as diamond?

(a) It is harder than graphite.

(b) It contains the same percentage of carbon as graphite.

(c) It is a better electric conductor than graphite.

(d) It has different carbon to carbon distance in all directions.

27. In which one of the following reactions, the maximum quantity of H_2 gas is produced by the decomposition of 1 g of compound by H_2O/O_2?

(a) $CH_4 + H_2O \rightarrow CO + 3H_2$

(b) $CO + H_2O \rightarrow CO_2 + H_2$

(c) $CH_4 + \frac{1}{2}O_2 \rightarrow CO + 2H_2$

(d) $C_{12}H_{24} + 6O_2 \rightarrow 12CO + 12H_2$

28. When a convex lens produces a real image of an object, the minimum distance between the object and image is equal to

(a) the focal length of the convex lens

(b) twice the focal length of the convex lens

(c) four times the focal length of the convex lens

(d) one half of the focal length of the convex lens

29. The direction of magnetic field at any location on the earth's surface is commonly specified in terms of

(a) field declination

(b) field inclination

(c) both field declination and field inclination

(d) horizontal component of the field

30. A circuit has a fuse having a rating of 5 A. What is the maximum number of 100 W–220 V bulbs that can be safely connected in parallel in the circuit?

(a) 20

(b) 15

(c) 11

(d) 10

31. निम्नलिखित में से किससे आग को सबसे जल्दी बुझाया जा सकता है?

(a) शीतल जल

(b) उबलता जल

(c) गर्म जल

(d) बर्फ

32. निम्नलिखित में से किसमें ऊष्मा की हानि मुख्य रूप से संवहन के कारण **नहीं** होती?

(a) उबलता जल

(b) भूमि और समुद्री मंद पवन

(c) वात्या-भट्टी के चारों ओर वायु का परिसंचरण

(d) बल्ब के तंतु में धारा प्रवाह होने के कारण बल्ब के काँच की सतह का गर्म होना

33. निम्नलिखित में से कौन-सा एक लक्षण पादप के तने के रूपांतरण का एक संकेत है?

(a) आलू में 'आँख' का पाया जाना

(b) प्याज में 'शल्क' का पाया जाना

(c) मटर में 'प्रतान' का पाया जाना

(d) गाजर में 'रोम' का पाया जाना

34. मानव के नर प्रजनन तंत्र में अधिवृषण, शुक्रवाहक, शुक्राशय और प्रॉस्टेट ग्रंथि द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी भूमिका/भूमिकाएँ निभायी जाती है/हैं?

(a) शुक्रजनन और शुक्राणुओं का परिपक्वन

(b) शुक्राणुओं का परिपक्वन और उसकी गतिशीलता

(c) शुक्रजनन और शुक्राणुओं की गतिशीलता

(d) केवल शुक्राणुओं की गतिशीलता

35. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विशिष्ट प्रकार का दूध है जो दूध पिलाने वाली माता में उत्पन्न होता है और यह मानव के नवजात शिशु में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को विकसित करने के लिए अनिवार्य होता है?

(a) शिशु के जन्म के एक महीने के बाद स्तन में उत्पन्न हुआ दूध

(b) संक्रामी दूध (ट्रांजिशनल मिल्क)

(c) नवस्तन्य (कोलॉस्ट्रम)

(d) खनिजीभूत दूध

36. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन RNA विषाणु में पाये जाने वाले उच्चतर उत्परिवर्तन दर और तीव्रतर विकास की व्याख्या करता है?

(a) DNA की तुलना में RNA अपेक्षाकृत अस्थिर है।

(b) विषाणु केवल परपोषी की जीवित कोशिका के अंदर ही गुणित हो सकता है।

(c) विषाणु में उपापचयी प्रक्रियाएँ अविद्यमान होती हैं।

(d) विषाणु लम्बे समय तक अव्यक्त रह सकते हैं।

31. Which one of the following can extinguish fire more quickly?

(a) Cold water

(b) Boiling water

(c) Hot water

(d) Ice

32. In which of the following, heat loss is primarily ***not*** due to convection?

(a) Boiling water

(b) Land and sea breeze

(c) Circulation of air around blast furnace

(d) Heating of glass surface of a bulb due to current in filament

33. Which one of the following features is an indication for modification of stem of a plant?

(a) Presence of 'eye' on potato

(b) 'Scale' found in onion

(c) 'Tendril' found in pea

(d) 'Hair' present in carrot

34. Which of the following roles is/are played by epididymis, vas deferens, seminal vesicles and prostate in male reproductive system of human?

(a) Spermatogenesis and maturation of sperms

(b) Maturation and motility of sperms

(c) Spermatogenesis and motility of sperms

(d) Motility of sperms only

35. Which one of the following is the special type of milk produced by a lactating mother, essential for the development of immune response of newborn baby in human?

(a) Breast milk produced after a month of childbirth

(b) Transitional milk

(c) Colostrum

(d) Mineralized milk

36. Which one of the following statements explains higher mutation rate and faster evolution found in RNA virus?

(a) RNA is relatively unstable compared to DNA.

(b) Virus can multiply only within the living cell of a host.

(c) Metabolic processes are absent in virus.

(d) Virus can remain latent for a long period.

37. शहरी जनसंख्या (2011) की प्रतिशतता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्यों का सही आरोही अनुक्रम है?

(a) तमिलनाडु—मिज़ोरम—गोवा—महाराष्ट्र

(b) गोवा—मिज़ोरम—महाराष्ट्र—केरल

(c) महाराष्ट्र—केरल—मिज़ोरम—गोवा

(d) मिज़ोरम—गोवा—महाराष्ट्र—केरल

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थान प्रतिपवन ढलान पर **नहीं** आता?

(a) पुणे

(b) बेंगलुरु

(c) लेह

(d) मंगलुरु

39. दक्षिण अर्काट और रामनाथपुरम अपनी वार्षिक वर्षा का 50 प्रतिशत से अधिक निम्नलिखित में से किस एक से प्राप्त करते हैं?

(a) दक्षिणी-पश्चिमी मानसून

(b) उत्तरी-पूर्वी मानसून

(c) ग्रीष्म मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा

(d) पश्चिमी विक्षोभ

40. आठ डिग्री चैनल निम्नलिखित में से किसको पृथक् करता है?

(a) भारत को श्रीलंका से

(b) लक्षद्वीप को मालदीव से

(c) अंडमान को निकोबार द्वीप समूह से

(d) इंदिरा पॉइंट को इंडोनेशिया से

41. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (नगरों का वर्गीकरण)	**सूची-II (उदाहरण)**
A. औद्योगिक नगर	1. विशाखापट्टनम
B. परिवहन नगर	2. भिलाई
C. खनन नगर	3. सिंगरौली
D. गैरिसन छावनी नगर	4. अम्बाला

कूट :

(a)	A	B	C	D
	2	1	3	4
(b)	A	B	C	D
	2	3	1	4
(c)	A	B	C	D
	4	3	1	2
(d)	A	B	C	D
	4	1	3	2

42. भारत में भूमि-उपयोग स्थिति के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. हाल के वर्षों में वन के अंतर्गत क्षेत्र में भारी कमी आई है।
2. गैर-कृषि उपयोग के अंतर्गत क्षेत्र के मामले में हाल के वर्षों में भूमि-उपयोग में वृद्धि की दर सबसे अधिक है।
3. हाल के वर्षों में भूमि-उपयोग जैसे कि बंजर और बेकार पड़ी भूमि, चारागाहों के अंतर्गत क्षेत्र और वृक्ष की फसलों में कमी आई है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

37. Which one of the following is the correct ascending sequence of States with regard to percentage of urban population (2011)?

(a) Tamil Nadu—Mizoram—Goa—Maharashtra

(b) Goa—Mizoram—Maharashtra—Kerala

(c) Maharashtra—Kerala—Mizoram—Goa

(d) Mizoram—Goa—Maharashtra—Kerala

38. Which one of the following places does ***not*** fall on leeward slope?

(a) Pune

(b) Bengaluru

(c) Leh

(d) Mangaluru

39. South Arcot and Ramanathapuram receive over 50 percent of their annual rainfall from which one of the following?

(a) South-west monsoon

(b) North-east monsoon

(c) Bay of Bengal branch of summer monsoon

(d) Western disturbances

40. The Eight Degree Channel separates which of the following?

(a) India from Sri Lanka

(b) Lakshadweep from Maldives

(c) Andaman from Nicobar Islands

(d) Indira Point from Indonesia

41. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Classification of Town)	*List–II (Example)*
A. Industrial Town	1. Vishakhapatnam
B. Transport Town	2. Bhilai
C. Mining Town	3. Singrauli
D. Garrison Cantonment Town	4. Ambala

Code :

	A	B	C	D
(a)	2	1	3	4
(b)	2	3	1	4
(c)	4	3	1	2
(d)	4	1	3	2

42. Which of the following statements with regard to the land-use situation in India is/are correct?

1. There has been a tremendous decline in area under forest in recent years.
2. The rate of increase in land use in recent years is the highest in case of area under non-agricultural use.
3. Land use such as barren and wasteland, area under pastures and tree crops have experienced decline in recent years.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

43. स्वतंत्रता के तत्काल बाद भारत में खाद्यान्नों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा अनुकरण की (अपनायी) गयी कार्यनीतियों का एक अंश निम्नलिखित में से कौन-सा एक **नहीं** था?

(a) पहले से ही कृष्ट भूमि में फसल उगाने का तीव्रीकरण

(b) खेती करने योग्य और परती भूमि को जोत (कृषि) के अंतर्गत लाकर खेती करने योग्य क्षेत्र को बढ़ाना

(c) उच्च पैदावार वाली किस्मों (HYV) के बीजों का उपयोग करना

(d) नकदी फसलों के बदले में खाद्य फसलों को उगाना (की ओर स्विचन)

44. निम्नलिखित में से कौन-सी एक नदी पश्चिम की ओर बहती है?

(a) महानदी

(b) गोदावरी

(c) कृष्णा

(d) नर्मदा

45. खासी भाषा किसमें सम्मिलित है?

(a) ऑस्ट्रो-एशियाटिक उपकुल की मुंडा शाखा

(b) ऑस्ट्रो-एशियाटिक उपकुल की मोन-ख्मेर शाखा

(c) चीनी-तिब्बती कुल की उत्तरी असम शाखा

(d) चीनी-तिब्बती कुल की असम-म्यांमारी शाखा

46. मेट्रो रेलवे ज़ोन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(a) नई दिल्ली

(b) मुम्बई

(c) कोलकाता

(d) चेन्नई

47. निम्नलिखित में से कौन-सी एक लूनी नदी की सहायक नदी **नहीं** है?

(a) खारी

(b) सुकरी

(c) जवाई

(d) बनास

48. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (प्रमुख बाँध)	**सूची–II (राज्य)**
A. चेरुथोनी बाँध	1. मध्य प्रदेश
B. इंदिरा सागर बाँध	2. तमिलनाडु
C. कृष्णराजसागर बाँध	3. कर्नाटक
D. मेत्तूर बाँध	4. केरल

कूट :

(a) A B C D
2 1 3 4

(b) A B C D
2 3 1 4

(c) A B C D
4 3 1 2

(d) A B C D
4 1 3 2

43. Which one of the following was ***not*** a part of the strategies followed by the Government of India to increase food grain production in India immediately after Independence?

(a) Intensification of cropping over already cultivated land

(b) Increasing cultivable area by bringing cultivable and fallow land under plough

(c) Using high-yielding varieties (HYV) seeds

(d) Switching over from cash crops to food crops

44. Which one of the following is a west-flowing river?

(a) Mahanadi

(b) Godavari

(c) Krishna

(d) Narmada

45. Khasi language is included in

(a) Munda branch of Austro-Asiatic sub-family

(b) Mon-Khmer branch of Austro-Asiatic sub-family

(c) North Assam branch of Sino-Tibetan family

(d) Assam-Myanmari branch of Sino-Tibetan family

46. The headquarters of Metro Railway Zone is located in

(a) New Delhi

(b) Mumbai

(c) Kolkata

(d) Chennai

47. Which one among the following is ***not*** a tributary of river Luni?

(a) Khari

(b) Sukri

(c) Jawai

(d) Banas

48. Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List–I (Major Dam)	*List–II (State)*
A. Cheruthoni Dam	1. Madhya Pradesh
B. Indira Sagar Dam	2. Tamil Nadu
C. Krishnarajasagar Dam	3. Karnataka
D. Mettur Dam	4. Kerala

Code :

	A	B	C	D
(a)	2	1	3	4
(b)	2	3	1	4
(c)	4	3	1	2
(d)	4	1	3	2

49. भारत के निम्नलिखित संघ राज्य-क्षेत्रों में से किस एक में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई सबसे कम है?

(a) चंडीगढ़

(b) दिल्ली

(c) दमन और दीव

(d) दादरा और नगर हवेली

50. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दर्रा ल्हासा को लद्दाख से जोड़ता है?

(a) लनक ला

(b) बुर्जिल

(c) बाबूसर

(d) खैबर

51. राज्यों के वित्त (आय) पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए नवीनतम अध्ययन के अनुसार पूँजीगत खर्च किस पर अधिकतम है?

(a) ग्रामीण विकास

(b) जल आपूर्ति और स्वच्छता

(c) शहरी विकास

(d) शिक्षा

52. विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस रिपोर्ट, 2018 के अनुसार निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में/किन क्षेत्रों में भारत के श्रेणीक्रम में 2017 की तुलना में 2018 में सुधार हुआ है?

1. करों का भुगतान करना
2. दिवालियापन का निराकरण करना
3. व्यापार आरंभ करना
4. बिजली प्राप्त करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

53. चौदहवें वित्त आयोग ने राज्यों को कर-प्राप्तियों के वितरण के लिए निम्नलिखित प्राचलों (पैरामीटर्स) को भिन्न-भिन्न महत्त्व दिए हैं :

1. आय अंतर
2. जनसंख्या
3. जनसांख्यिकीय परिवर्तन
4. क्षेत्रफल

उपर्युक्त प्राचलों को उनके महत्त्व के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(a) 1–2–3–4

(b) 1–2–4–3

(c) 1–3–2–4

(d) 4–3–2–1

49. Which one among the following Union Territories of India shares the shortest length of National Highways?

(a) Chandigarh

(b) Delhi

(c) Daman and Diu

(d) Dadra and Nagar Haveli

50. Which one among the following passes links Lhasa with Ladakh?

(a) Lanak La

(b) Burzil

(c) Babusar

(d) Khyber

51. According to the latest Reserve Bank of India study on State finances, capital spending is maximum on

(a) rural development

(b) water supply and sanitation

(c) urban development

(d) education

52. According to the World Bank's Doing Business Report, 2018, India's ranking has improved in 2018 as compared to 2017 in which of the following areas?

1. Paying taxes
2. Resolving insolvency
3. Starting a business
4. Getting electricity

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2, 3 and 4

53. The Fourteenth Finance Commission assigned different weights to the following parameters for distribution of tax proceeds to the States :

1. Income distance
2. Population
3. Demographic changes
4. Area

Arrange the aforesaid parameters in descending order in terms of their weights.

(a) 1–2–3–4

(b) 1–2–4–3

(c) 1–3–2–4

(d) 4–3–2–1

54. बेरोज़गारी की प्राकृतिक दर प्राक्कल्पना की हिमायत किसने की थी?

(a) मिल्टन फ्रीडमैन

(b) ए० डब्ल्यू० फिलिप्स

(c) जे० एम० कीन्स

(d) आर० जी० लिप्सी

55. हड़प्पा स्थल कोट दिजी, उस सभ्यता के निम्नलिखित में से किस प्रमुख स्थल के समीप है?

(a) हड़प्पा

(b) मोहनजोदड़ो

(c) लोथल

(d) कालीबंगा

56. *गंदतिंदु जातक* कथा किस भाषा में लिखी गयी थी?

(a) संस्कृत

(b) तेलुगू

(c) तमिल

(d) पालि

57. तमिल संगम ग्रंथों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन बड़े भूमिस्वामी रहे थे?

(a) गहपति

(b) उज्हावर

(c) अडिमाई

(d) वेल्लालर

58. *मनुस्मृति* के अनुसार महिलाएँ निम्नलिखित में से किस रीति से संपत्ति अर्जित कर सकती हैं?

(a) खरीद

(b) निवेश

(c) स्नेह-चिह्न

(d) उत्तराधिकार

59. राजा अवन्तिपुत्त और बुद्ध के शिष्य कच्चना के बीच वर्ण के विषय में संवाद निम्नलिखित में से किस बौद्ध ग्रंथ में मिलते हैं?

(a) *मज्झिम निकाय*

(b) *सम्युत्त निकाय*

(c) *अंगुत्तर निकाय*

(d) *अंबट्ठ सुत्त*

60. प्रथम शताब्दी ईस्वी में निम्नलिखित में से कौन-सी एक वस्तु रोम को किए जाने वाले भारतीय निर्यात की एक प्रमुख वस्तु **नहीं** थी?

(a) काली मिर्च (पेपर)

(b) जटामांसी (बालछड़)

(c) कर्पर (टॉरटॉइज़शेल)

(d) जायफल

54. The natural rate of unemployment hypothesis was advocated by

(a) Milton Friedman

(b) A. W. Phillips

(c) J. M. Keynes

(d) R. G. Lipsey

55. The Harappan site at Kot Diji is close to which one of the following major sites of that civilization?

(a) Harappa

(b) Mohenjo-daro

(c) Lothal

(d) Kalibangan

56. The story *Gandatindu Jataka* was written in which language?

(a) Sanskrit

(b) Telugu

(c) Tamil

(d) Pali

57. According to the Tamil Sangam texts, who among the following were the large landowners?

(a) Gahapatis

(b) Uzhavars

(c) Adimais

(d) Vellalars

58. According to the *Manusmriti*, women can acquire wealth through which of the following means?

(a) Purchase

(b) Investment

(c) Token of affection

(d) Inheritance

59. The dialogue on Varna between king Avantiputta and Kachchana, a disciple of Buddha, appears in which one of the following Buddhist texts?

(a) *Majjhima Nikaya*

(b) *Samyutta Nikaya*

(c) *Anguttara Nikaya*

(d) *Ambattha Sutta*

60. In the first century AD, which among the following was ***not*** a major item of Indian exports to Rome?

(a) Pepper

(b) Spikenard

(c) Tortoiseshell

(d) Nutmeg

61. भारत सरकार अधिनियम, 1858 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ब्रिटिश राज ने ईस्ट इंडिया कम्पनी से भारत पर संप्रभुता ग्रहण की थी।
2. ब्रिटिश संसद ने भारत के शासन के लिए पहला कानून ब्रिटिश राज के प्रत्यक्ष शासन के अधीन ही अधिनियमित किया था।
3. यह अधिनियम देश के प्रशासन में बिना किसी लोकप्रिय सहभागिता वाले निरंकुश साम्राज्यिक नियंत्रण के सिद्धांत से अधिशासित था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

62. भारतीय परिषद् अधिनियम (इंडियन काउन्सिल्स ऐक्ट), 1861 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इस अधिनियम ने गवर्नर-जनरल की शासी परिषद् में गैर-सरकारी सदस्यों को सम्मिलित कर लोकप्रियता का एक पुट डाल दिया।
2. सदस्यों को नामनिर्दिष्ट किया जाता था तथा उनके कार्यों को अनन्य रूप से उन विधायी प्रस्तावों के विचार तक सीमित कर दिया गया था जो गवर्नर-जनरल द्वारा इसके समक्ष रखे जाते थे।
3. गवर्नर-जनरल के पास प्रभावी विधायी शक्ति नहीं थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

63. संविधान सभा द्वारा अंगीकृत ऐतिहासिक उद्देश्यों के कथन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. उद्देश्यों के कथन ने अपने सभी उत्तरवर्ती चरणों से संविधान के रूपनिर्माण को अनुप्राणित किया।
2. यह केवल एक प्रस्ताव-भर ही नहीं था, बल्कि एक घोषणा, एक दृढ़ संकल्प और एक प्रतिज्ञा थी।
3. इसने हमारे संविधान का अंतर्निहित दर्शन प्रदान किया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2 और 3

64. सितम्बर 2018 में संपन्न 2+2 द्विपक्षीय संवाद किनके बीच हुआ?

(a) भारत के विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री का उनके अमेरिकी समकक्षों के साथ

(b) भारत के वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री का उनके रूसी समकक्षों के साथ

(c) भारत के गृह मंत्री व रक्षा मंत्री का उनके पाकिस्तानी समकक्षों के साथ

(d) भारत के विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री का उनके पाकिस्तानी समकक्षों के साथ

61. Which of the following statements relating to the Government of India Act, 1858 is/are correct?

1. The British Crown assumed sovereignty over India from the East India Company.
2. The British Parliament enacted the first statute for the governance of India under the direct rule of the British.
3. This Act was dominated by the principle of absolute imperial control without any popular participation in the administration of the country.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 and 3 only

62. Which of the following statements relating to the Indian Councils Act, 1861 is/are correct?

1. The Act introduced a grain of popular element by including non-official members in the Governor-General's Executive Council.
2. The members were nominated and their functions were confined exclusively to consideration of legislative proposals placed before it by the Governor-General.
3. The Governor-General did not have effective legislative power.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 only

63. Which of the following statements relating to the historic Objectives Resolution, which was adopted by the Constituent Assembly, is/are correct?

1. The Objectives Resolution inspired the shaping of the Constitution through all its subsequent stages.
2. It was not just a resolution, but a declaration, a firm resolve and a pledge.
3. It provided the underlying philosophy of our Constitution.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2 and 3 only

64. The 2+2 Bilateral Dialogue was held in September 2018 between

(a) External Affairs and Defence Ministers of India with their US counterparts

(b) Finance and Defence Ministers of India with their Russian counterparts

(c) Home and Defence Ministers of India and their counterparts in Pakistan

(d) External Affairs and Defence Ministers of India with their counterparts in Pakistan

65. अप्रैल 2018 में गठित रक्षा योजना समिति का अध्यक्ष (चेयरमैन) कौन है?

(a) प्रधानमंत्री

(b) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

(c) रक्षा मंत्री

(d) थलसेना प्रमुख

66. 'तेजस' निम्नलिखित में से किसका नाम है?

(a) मुख्य युद्धक टैंक

(b) नाभिकीय पनडुब्बी

(c) लघु युद्धक वायुयान

(d) वायुयान वाहक

67. वर्तमान नीति के अनुसार स्वतःअनुमोदित मार्ग के अधीन रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश निम्नलिखित में से किस सीमा तक अनुमत है?

(a) 26 प्रतिशत

(b) 74 प्रतिशत

(c) 51 प्रतिशत

(d) 49 प्रतिशत

